# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Ninth Session)

Questions For Oral Answer

## Monday, the 31st August, 2015 / 9th Bhadrapada, 1937 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister ].

Total No. of Questions - 40

----

### Construction of Road

*2431 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :
Sh. B.K. Chauhan(Chamba) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how much money has been sanctioned under PMGSY during 2014-15, 2015-16 by Government of India for construction of roads in the State; and

(b) how many DPRs have been sent by the State Government to Government of India for sanction; (details be given circle-wise)?

----

### सी0एन0जी0 बसें चलाना

***2432 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) द्वारा प्रदेश में सी0एन0जी0 बसें चलाने बारे कोई आदेश दिए गए हैं; यदि हां, तो उस आदेश पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ख) प्रदेश में किन-किन स्थानों पर इन बसों को चलाने का प्रस्ताव है ?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0

***2433 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्ष 2013-14, 2014-15 व 31-07-2015 तक कसुम्पटी निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग द्वारा कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई तथा दिनांक 31-07-2015 तक कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## स्मार्ट कार्ड का नवीनीकरण

***2434 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आई0आर0डी0पी0 परिवारों के स्मार्ट कार्ड बनाये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो इनको बनाने व इनके नवीनीकरण की क्या प्रक्रिया है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें;

(ग) प्रदेश में 31.7.2015 तक कितने स्मार्ट कार्ड ऐसे हैं जिनका नवीनीकरण नहीं हुआ है; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(घ) इन स्मार्ट कार्डों के नवीनीकरण की सुविधा कहां-कहां उपलब्ध है; ब्यौरा कार्यालय के पते सहित दें ?

----

## उतराला-होली सड़क

***2435 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या उतराला- होली सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## आपदा प्रबन्धन कार्य

***2436 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या आपदा प्रबन्धन के कार्यों के लिए होमगार्ड के आपदा प्रबन्धन कार्यों में प्रशिक्षित जवानों को स्थायी तौर पर लेने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## Development Budget

***2437 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last two years how much budget for restoration & damages has been given to the tribal areas; details be given and also by NDRF;

(b) whether it is a fact that the development budget is being utilized for damages; details be given; and

(c) if yes, is it effecting the progress of these areas?

----

## स्मार्ट सिटी

***2438 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि Smart City बनाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव मांगा गया;

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या सूचनाएं मांगी गई थी; ब्यौरा दें;

(ग) प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट का विवरण सभा पटल पर रखें; और

(घ) सरकार ने Smart City हेतु क्या केन्द्र सरकार द्वारा करवाई गई प्रतियोगिता में भाग लिया; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

***2439 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत गज खड्डु पर कलरू सपेल पुल की स्वीकृति माह जून, 2012 को होने के उपरान्त नाबार्ड द्वारा 420.24 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसके निर्माण हेतु निविदाएं भी मांगी गई थी; और

(ख) यदि हां, तो इस पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## एल0ई0डी0 बल्बों की आपूर्ति

***2440 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं को LED बल्ब वितरित कर रही है; यदि हां, तो कितने-कितने व प्रदेश में 31.7.2015 को बिजली के कितने घरेलू उपभोक्ता हैं;

(ख) यह भी सत्य है कि ये LED बल्ब सरकार द्वारा EMI के आधार पर दिये जा रहे हैं;

(ग) इन LED बल्बों को नकद आधार पर लेने और EMI आधार पर लेने पर उनके मूल्यों में कोई अन्तर है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इन मूल्यों पर पुनः विचार करेगी और जिन उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूले गये हैं; उन्हें क्या वह राशि वापिस की जायेगी; और

(ङ) इन LED बल्बों की आपूर्ति किस फर्म द्वारा की जा रही है और किन नियमों व शर्तों पर इस फर्म को कब यह आपूर्ति आदेश दिये गये; ब्यौरा आपूर्ति आदेशों/टैण्डर दस्तावेज व प्रतिस्पर्धा में शामिल फर्मों के रेट सहित दें?

----

## बद्दी को मैट्रो से जोड़ना

***2441 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी को प्रस्तावित चण्डीगढ़ मैट्रो से जोड़ने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## धारा-118 के अंतर्गत स्वीकृति

***2442 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गैर-हिमाचलियों को जमीन लेने में धारा-118 की अनुमति कितनी-कितनी जमीन लेने की है तथा पिछले तीन वर्षों में 31-7-2015 तक कुल कितने व्यक्तियों-संस्थाओं-ट्रस्टों-सोसाइटियों को कब-कब, कितनी-कितनी भूमि की अनुमति धारा-118 में दी गई; नाम पूर्ण पते सहित ब्यौरा दें;

(ख) धारा-118 कितने वर्ष/महीनों को दी जाती है व कितनी बार इसकी समय सीमा बढ़ाई जाती है; ऐसे कितने मामलों में समय सीमा बढ़ाई गई व किन-किन व्यक्तियों/संस्थाओं का; ब्यौरा पते सहित दें;

(ग) क्या जिनको जमीनों के पट्टे दिए गए हैं उनमें कितने लोगों ने जमीने गैर-हिमाचलियों को बेची व उसकी धारा-118 में समय से पहले स्वीकृति दी गई; ऐसे कितने मामले हैं; और

(घ) ऐसे कितने मामले हैं जहां बेनामी सम्पत्तियों को धारा-118 में स्वीकृतियां दी हैं; ब्यौरा दें ?

----

## दैनिक वेतन भोगियों का नियमितीकरण

***2443 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2003 से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कार्यरत हैं; यदि हां, तो विभाग में ऐसे कुल कितने कर्मचारी नियुक्त हैं और कब से हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से कितने कर्मचारी नियमितीकरण हेतु पात्र हैं; सरकार इन्हें कब तक नियमित करने का विचार रखती है ?

----

## नंगल-मुबारिकपुर-तलवाड़ा सड़क

***2444 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार राज्यमार्ग 25 नंगल-मुबारिकपुर-तलवाड़ा सड़क को राष्ट्रीय मार्ग घोषित करने हेतु क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## स्क्रीनिंग टैस्ट में अनियमितताएं

***2403 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दिनों सरकार को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आई0टी0आई0 प्रिंसीपल के पदों की भर्ती के स्क्रीनिंग टैस्ट में हुई अनियमितताओं बारे कोई शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यह सत्य है कि शिकायत अनुसार 50 नम्बर का पेपर सिलेबस (Syllabus) अनुरूप नहीं था; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस त्रुटि को सुधार कर पुनः छंटनी परीक्षा आयोजित करवाएगी; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

***2445 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 02-04-2015 से 31-07-2015 तक प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन के कितने मामले सरकार को प्राप्त हुए तथा उनमें से कितने मामले निपटाए गए; और

(ख) वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे कितने मामले अभी लम्बित हैं तथा इन्हें कब तक पैंशन स्वीकृत कर दी जाएगी; ब्यौरा लम्बित आवेदन पत्रों का जिलावार दें?

----

## एस0आर0एल0 लैब

***2446 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आई0जी0एम0सी0 शिमला में एस0आर0एल0 लैब को किस-किस शर्त पर खोला गया है; शर्तों/ अनुबन्ध की प्रति सदन के पटल पर रखें;

(ख) इस लैब को दिए गए स्थान का क्या किराया लिया जाता है; यदि हां, तो ब्यौरा सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह लैब बी0पी0एल0/आई0आर0डी0पी0 व कैंसर रोगियों को क्या मुफ्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करवा रही है; यदि हां, तो इस लैब के खुलने की तिथि से 31.07.2015 तक ऐसे कुल कितने रोगियों का मुफ्त परीक्षण किया गया?

----

## विद्यार्थियों को आरक्षण

***2447 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आरक्षण दे रही है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार एम0बी0बी0एस0, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, वानिकी बागवानी विश्वविद्यालय में भी अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को आरक्षण देने का विचार रखती है ?

----

## अवैध कटान के मामले

***2448 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 11-04-2015 से 31-07-2015 तक प्रदेश में जिलाशः अवैध कटान के कुल कितने मामले सरकार के ध्यान में आए; और

(ख) इस प्रकार के मामलों की संख्या कितनी है, और कुल कितनी घनमीटर लकड़ी काटी गई तथा अवैध रूप से कटी लकड़ी की मार्केट रेट अनुसार कितनी कीमत है; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## पंचायतों का पुनर्सीमांकन

***2449 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा Delimitaion के कारण धर्मपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र की कितनी पंचायतें सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र में शामिल की गई; ब्यौरा उनके नाम सहित दें; और

ख) सरकार क्या इन पंचायतों को गोपालपुर विकास खण्ड में शामिल करने पर विचार कर रही है; यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो कारण?

----

## विकास कार्यों हेतु धनराशि

***2450 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.11.2014 से 31.07.2015 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जो विधायक निधि (VKVNY and MMGPY) विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई थी क्या वह पूर्णतय: खर्च हो चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो इनका ब्यौरा कार्यवार, Estimate Cost सहित दें और क्या इन सभी कार्यों के Utilization Certificates विभाग को प्राप्त हो गये हैं ?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

***2451 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2013 से 2015 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में कितनी योजनाएं विधायक प्राथमिकता में डाली गई; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन योजनाओं की DPR की क्या स्थिति है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) जिन योजनाओं की DPR बन गई हैं; उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## Action Against Officials

***2452 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the protection/create wall which is under construction carries no protection to the land existing by the side of walker khad in village Sachuhi, Gram Panchayat Khanauli, Tehsil Sujanpur; District Hamirpur;

(b) if yes, then who is responsible for this act and what action has been taken/is being taken against the erring officials; and

(c) what is the difference between the tenders called online and division level tenders awarded to various contractors against this work and if the division level tenders awarded to contractors is on higher rates in comparison to online tenders then who is responsible for that?

----

**Roads Under MLA Priority**

***2453 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

a) how many roads sponsored under MLA priority during the last three years have been sanctioned in Nalagarh Assembly Constituency;

b) how many roads are still in the pipeline for the last three years; and

c) what are reasons for the abnormal delay and by when these will be sanctioned; details be given?

----

**अधिसूचना**

***2454 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा जिला परिषद के मरम्मत कार्यों को PWD को देने की अधिसूचना जारी की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) जो सड़कें मनरेगा के अन्तर्गत बनी हैं और वह वनक्षेत्र में हैं तो क्या ऐसी सड़कों के कार्य करने के लिए शपथ पत्र देने अनिवार्य हैं; ब्यौरा दें ?

----

**टोल टैक्स बैरियर की नीलामी**

***2455 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में टोल टैक्स बैरियरों की नीलामी कितनी-कितनी धनराशि की हुई; ब्यौरा वर्षवार व बैरियरशः दें ?

----

## Renovation of Hotel

***2456 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Hotel Geetanjali at Dalhousie is in a dilapidated condition; and

(b) what steps the HPTDC will take to renovate and restore this prime property ?

----

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी

***2457 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आयुर्वेद विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी माह अक्तूबर, 2012 में नियमित किए गए थे; यदि हां, तो इनकी सूची सभा पटल पर रखें;

(ख) यह भी सत्य है कि इन कर्मचारियों में से कुछ वरिष्ठ पात्र दैनिक वेतन भोगी (वरिष्ठता सूची के क्रम 60 से 74) नियमितीकरण प्रक्रिया से छूट गए थे; और

(ग) यदि हां, तो क्या कारण रहें और क्या सरकार इन छूटे हुए पात्र/वरिष्ठ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करके इनसे कनिष्ठ कर्मचारियों से ऊपर वरिष्ठता प्रदान करेगी; यदि हां, तो कब तक ?

----

## अनुकम्पा आधार पर रोज़गार

***2458 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न विभागों में अनुकम्पा (Compassionate Grounds) आधार पर रोजगार देने के कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन्हें रोज़गार कब तक देने का विचार रखती है ?

----

## महिला व पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भर्ती

***2459 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) स्वास्थ्य विभाग में महिला व पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता की बैच-वाईज भर्ती अन्तिम बार कब की गई थी; और

(ख) सरकार क्या इनकी भर्ती पुनः करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब से और यदि नहीं, तो कारण ?

----

## भवन निर्माण

***2460 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 31.07.2015 तक बैजनाथ में पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ; और

(ख) सरकार कब तक यह कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## पुलिस विभाग में रिक्तियां

***2461 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में पुलिस विभाग के अन्तर्गत SP/ASP/DSP/Inspector/Sub-inspector/Asstt.Sub-Inspector/Head Constable/Constable के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) इनमें से कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा?

----

## Blasting Material

***2462 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-
(a) whether the Government has magazine & blasting material in Lahaul & Spiti for construction of irrigation projects; and

(b) if so, what legal process is allowed for blasting and how is the explosive material being stored?

----

## पुलिस कर्मचारियों को वेतनमान

***2463 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पुलिस कर्मचारियों को वेतन नये वेतनमान -2006 के अन्तर्गत कब से दिया जा रहा है;

(ख) एक मास का अतिरिक्त वेतन (तेरहवां महीना) उपरोक्त कर्मचारियों को किस वेतनमान के अन्तर्गत दिया जाता है; और

(ग) यदि अभी भी अतिरिक्त वेतन पुराने वेतनमान के अन्तर्गत दिया जाता है; तो ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## महाविद्यालय की स्थापना

***2464 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा कितने नए कॉलेज खोले गए और कितने गैर-सरकारी कॉलेजों को सरकार ने अपने अधीन लिया; ब्यौरा कॉलेजवार दें?

----

## इनवैस्टर मीट

***2465 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में मुख्य मंत्री/उद्योग मंत्री व अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा देश के विभिन्न शहरों/क्षेत्रों में इनवैस्टर मीट (Investor Meet) का आयोजन कब-कब व कहां-कहां किया गया; इस पर कुल कितना व्यय हुआ; और

(ख) इस इन्वैस्टर मीट के उपरान्त कितने औद्योगिक घरानों ने प्रदेश में उद्योग स्थापित करने हेतु योजनाएं तैयार की हैं; उनमें कितना-कितना अनुमानित व्यय प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की टारिंग

***2466 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष 2015 में दिनांक 31.07.2015 तक सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितनी लम्बाई की किन-किन सड़कों की टारिंग की गई और उस पर कितना-कितना खर्च हुआ; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) इस वर्ष में किन-किन सड़कों का patch work किया गया व इस कार्य पर कितना व्यय किया गया; ब्यौरा सड़कवार दें ?

----

## राजगढ़-दीदग-छोगटाली सड़क

***2467 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजगढ़ से दीदग-छोगटाली सड़क की हालत ठीक नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसकी मरम्मत करने के लिए क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## Survival Rate of Plants

***2468 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the target of plantation under Forest Division Nalagarh for the year 2015-16;

(b) what is the average survival rate for the last three years;

(c) whether before plantation, irrigation facility is proposed for the plantation and taken into account or not; and

(d) how much area is covered under plantation (in hectares) in Forest Division, Nalagarh; details species- wise and year-wise for the last three years be given?

----

**प्रवक्ताओं के पद का सृजन**

***2469 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं के पद सृजित करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
**दिनांकः 19 अगस्त, 2015.** **सचिव।**